(क) उन विनियम (1) से (3) तक वर्णित निवृत्ति उपादान केवल उन्हीं अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुमन्य होगा जिन्होनें पांच वर्ष की अर्हकारी सेवा पूरी कर ली हों उदाहरणार्थ यदि मूल नियम 9(21) (1) वित्त हस्त पुस्तिका खण्ड द्वितीय भाग–2 से 4 में परिभाषित वेतन रूपयें 3700 और पेंशन अर्हसेवा 30 वर्ष 6 माह है तो निवृत्ति उपादान (ग्रेच्युटी) 3700 x 61 = 56425 रूपयें होगी।

(ख) मृत्यु ग्रेच्युटी –मृत्यु उपादान (ग्रेच्युटी) की दरें निम्न प्रकार है:–

सेवा अवधि के अनुसार–

1. एक वर्ष से कम = परिलब्धियों का दोगुना।
2. एक वर्ष अथवा
   उससे अधिक किन्तु
   5 वर्ष से कम = परिलब्धियों का 6 गुना।
3. 5 वर्ष अथवा उससे अधिक कि तु 20 वर्ष से कम = परिलब्धियों का 12 गुना
4. 20 वर्ष या उससे अधिक अर्हकारी सेवा की प्रत्येक पूर्ण छमाही के लिये परिलब्धियों से 1/2 के बराबर होगी जिसकी अधिकतम सीमा अन्तिम आहरित अर्द्ध परिलब्धियों के 33 गुने के बराबर होगा।

टिप्पणीः–यह दरे राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर राजकीय कर्मचारियों के लिये संशोधित दरों पर परिवर्तन होगी।

नामांकन (नोमिनेशन):–

5. (1) प्रत्येक नगर निगम कर्मचारी जिसे यह विनियम लागू हो ज्यों ही वह किसी स्थायी सेवा निवृत्ति वेतनीय पद पर धारणाधिकार (लियन) प्राप्त करें उसे एक अथवा अधिक व्यक्तियों को उपादान (ग्रेच्युटी) जिसे विनियम–4 के उप विनियमों के अनुसार प्राप्त करने के लिये नामांकित करेगा। प्रतिबन्ध यह है कि नामांकन करते समय अधिकारी का परिवार हो तो नामांकन परिवार के किसी एक सदस्य को अथवा अधिक सदस्यों का कर सकता है लेकिन प्रतिबन्ध यह है कि परिवार के सदस्यों के होते हुए परिवार के अतिरिक्त किसी व्यक्ति को नहीं कर सकता है।

(2) यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी नामांकन में कोई परिवर्तन करना चाहता है तो वह परिवर्तन उन अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपने सेवाकाल में ही किया जा सकता है, किन्तु यदि आवश्यक हो तो सेवा निवृत्ति के बाद भी मुख्य नगर अधिकारी की पूर्व स्वीकृति से उसे नामांकन पत्र में अपने पहले किये हुये नामांकन में परिवर्तन अथवा नया नामांकन प्रस्तुत करके किया जा सकता है।

(3) प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को नामांकन पत्र में निम्नांकित व्यवस्था करनी होगीः–

(क) कि किसी निर्दिष्ट नामांकित व्यक्तियों का अधिकारी/कर्मचारी की मृत्यु से पूर्व मृत्यु हो जाने की दशा में उस नामांकित व्यक्ति का अधिकार नामांकन पत्र में दिये हुए किसी निर्दिष्ट व्यक्ति को ही की जावे किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि यदि नामांकन करते समय अधिकारी के परिवार में एक से अधिक सदस्या हो तो इस प्रकार निर्दिष्ट किया हुआ व्यक्ति उसके परिवार के किसी सदस्य के अतिरिक्त न हो।

(ख) कि ऊपर कहीं हुई परिस्थिति के उत्पन्न होने पर नामांकन निरर्थक हो जायेगा।

(4) किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा उस समय का किया हुआ नामांकन जब उसके परिवार नहीं था अथवा नामांकन में उपनियम (3) के खण्ड (क) के अन्तर्गत की हुई व्यवस्था अब उसके परिवार में केवल एक ही व्यक्ति था, जैसी भी दशा हो, उस समय निरर्थक हो जायेगी, जब उसके परिवार हो जाये अथवा परिवार में कोई अतिरिक्त सदस्य हो जायें।

(5) (क) प्रत्येक नामांकन (क) से (घ) तक के किसी प्रपत्र में जो भी व्यक्ति विशेष की स्थिति में उचित हो, किया जायेगा।

(ख)कोई अधिकारी/कर्मचारी किसी समय अपने नामांकन को मुख्य नगर अधिकारी अथवा उसके द्वारा मनोनीत किये गये अधिकारी को लिखित नोटिस भेजकर रदद कर सकता है किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि वह अधिकारी/कर्मचारी उस नोटिस के बाद एक नया नामांकन पत्र इन विनियमों के अनुसार नोटिस दिये जाने के तिथि से 15 दिन के अन्दर मुख्य नगर अधिकारी को प्रेषित कर दें।

(6) किसी नामाकित व्यक्ति, जिसके अधिकार को उसकी मृत्यु के पश्चात दूसरे नामांकित व्यक्ति को पाने की व्यवस्था नामांकन पत्र में उपनियम (3) के खण्ड (क) के अन्तर्गत न की गयी हो अथवा किसी ऐसी घटना हो जाने पर जिसके कारण उसका नामांकन उपनियम (3) के खण्ड (ख) अथवा उपनियम (4) के अन्तर्गत निरर्थक हो जाता हो तो सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मुख्य नगर अधिकारी को पूर्व नामांकन को रदद करते हुये इन विनियमों के अनुसार नये नामांकन पत्र के साथ लिखित नोटिस भेजेगें।

(7) प्रत्येंक अधिकारी/कर्मचारी द्वारा इन विनियमों के अन्तर्गत भरे गये अपने नामांकन पत्र अथवा उसको रदद करने का नोटिस सम्बन्धित अधिकारी द्वारा मुख्य नगर अधिकारी अथवा उनके द्वारा मनोनीत किये गये अधिकारी को भेजा जाना चाहिये मुख्य नगर अधिकारी अथवा उसके द्वारा मनोनीत अधिकारी नामांकन पत्र प्राप्त करने पर तुरन्त प्राप्ति का दिनाक लिखकर प्रतिहस्ताक्षरित करेगें तथा अपनी अभिरक्ष में रखेगें

(8) किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा किया गया पूर्व नामांकन अथवा उसको रदद किये जाने का नोटिस जहां तक वह अखण्डनीय "वैलिड" हो मुख्य नगर अधिकारी अथवा उनके द्वारा मनोनीत अधिकारी द्वारा प्रापत किये गये दिनांक से प्रभावी होगा।

(9) यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी जिसके परिवार हो अपने परिवार के एक अथवा अधिक सदस्यों का मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान (डैथ–कम–रिटायरमेन्ट ग्रेच्युटी) पाने का नांमाकन पत्र द्वारा अधिकारी दिये बिना मृत हो जाये तो उपादान (ग्रेच्युटी) विनियम (2) के उपनियम (4) में दी हुई श्रेणी के कम में (क) से (घ) तक में दिये सभी लिखित सदस्यों को विधवा पुत्रियों को छोड़, समान भाग में वितरित कर दिया जायेगा, यदि इस प्रकार के जीवित सदस्य न हो, और एक अथवा अधिक विधवा पुत्रियां हो अथवा अधिकारी/कर्मचारी के परिवार में उपरोक्त उपनियम 2(4) श्रेणी के कम (ड)से (झ) तक वर्णित का एक या उससे अधिक सदस्य हो तो उपादान (ग्रेच्युटी) का धन उन सभी व्यक्तियों में बराबर भागों में बांट दिया जायेगा।

भाग–2

पारिवारिक पेंशन

6. (क) पारिवारिक पेंशनः–

(1) पारिवारिक पेंशन की दरें निम्न प्रकार होगीः–'
मूल वेतन का 30 प्रतिशत किन्तु रूपयें 1275.00 प्रतिमाह। यह दरें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर संशोधित दरों के अनुरूप परिवर्तनीय होगी।

(2) (क) पारिवारिक पेंशन के लिये

परिवार की परिभाषाः–

1. पत्नी/पति
2. मृत्यु के दिन को 21 वर्ष आयु से कम के पुत्र — सौतेले तथा सेवानिवृत्ति की से पूर्व विधिवत गोद ली गयी सन्तान भी सम्मि –लित है
3. मृत्यु के दिन से 25 वर्ष से से कम आयु की अविवाहित पुत्रियां।

(ख) पारिवारिक पेंशन–निम्नलिखित दशाओं में अनुमन्य होगीः–

क) सर्वप्रथम विधवा/विधुर को आजीवान या पुनर्विवाह, जो भी पहले हो तक मिलेगा।

ख) विधवा/विधुर की मृत्यु पुनर्विवाह की दशा में ज्येष्ठतम नाबालिग पुत्र को 21 वर्ष की आयु तक मिलेगी।

टिप्पणी–जहां दो या दो से अधिक विधवायें हों तो पेंशन ज्येष्ठतम उत्तरजीवी विधवा को देय होगी। शब्द ज्येष्ठतम का तात्पर्य विवाह के दिनांक के वरिष्ठता से है।

(ग) इस विनियम के अधीन दी गयी पेंशन एक ही समय में अधिकारी/कर्मचारी के परिवार के एक से अधिक सदस्यों को देय नहीं होगी।

(घ) विधवा/विधुर का पुनर्विवाह /मृत्यु हो जाने पर पेंशन उनके अवयस्क सन्तानों को उनके प्राकृत अभिभावक (नैचुरल गार्जियन) के माध्यम से दी जायेगी। किन्तु विवादास्पद मामलों में भुगतान विधिक अभिभावक (लीगन गार्जियन) के माध्यम से दिया जायेगा।

(ड.) इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा समय समय पर पेंशन नियमों में संशोधन करने पर सम्बन्धित नियम नगर निगम कोटद्वार कर्मचारी सेंवानिवृत्त सुविधा तथा भविष्य निधि विनियम, 2018 पर भी स्वतः लागू होगें।

भाग–3
सेवा–निवृत्त पेंशन

7. (1) अधिवर्ष निवृत्ति, अशक्त या अन्य प्रकार से निवृत्ति वेतन या उपादान की धनराशि उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियो पर लागू प्रकिया और सूत्र के अनुसार संगणित– समुचित धनराशि होगी और वह धनराशि पूरे रूपयें में अभिव्यक्त की जायेगी तथा जहां भी नियमानुसार गणना करने पर मासिक निवृत्ति मे रूपयें से कम कोई हो तो वह अगले पूर्ण रूपयें में बदल दी जायेगी।

(2) उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा निवृत्त राज्य कर्मचारियों अर्थात पेंशनरों को मंहगाई या अन्य प्रकार की स्वीकृत की गयी राशि के अनुसार नगर निगम कोटद्वार में पेंशनरों को देय होगी।

(3) कोई विशिष्ट अतिरिक्त पेंशन स्वीकृत नहीं की जायेगी।

(4) पद "अक्षम और प्रतिकर पेंशन" का वही अर्थ होगा जो सिविल सर्विस रेगुलेशन्स में उसके लिये दिया गया हो।

रिटायरमेन्ट बेनीफिट रूल्स तथा सिविल रेगुलेशन का प्रयोगः–

8. (1) इन विनियमों में दी गयी स्पष्ट व्यवस्था को छोड़कर इन विनियमों के अन्तर्गत देय उपादान, निवृत्ति वेतन, जिसमें पारिवारिक सेवा–निवृत्ति वेतन, भी सम्मिलित है– तथा सामान्य भविष्य निधि के संबंध में उत्तर प्रदेश रिटायरमेंन्ट बैनीफिट रूल्स, 1961 तथा समय–समय पर उनके किये गये परिवर्तन तथा इस संबंध में जारी किये गये सरकारी आदेश लागू होगें। यदि किसी विषय में इन विनियमों में स्पष्ट व्यवस्था न हो तो उस संबंध में सिविल सर्विस रेगुलेशन्स के आधार पर मुख्य नगर अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।

(2) इन विनियमों के अन्तर्गत देय निवृत्ति वेतन (पेंशन)संबन्धित अधिकारी को उनकी मृत्यु के दिन तक दी जायेगी यदि अधिकारी/कर्मचारी सेवा–निवृत्त होने से पूर्व ही मृत हो जाये तो कोई निवृत्ति वेतन (पेन्शन) उसे देय नहीं होगी।

पेन्शन का आगंणनः–

पेन्शन की धनराशि मूल नियम 9(21) (1) में परिभाषित सेवा–निवृत्ति के अन्तर्गत दस साल के औसत वेतन का 50 प्रतिशत होगी, बशर्ते निगम का अधिकारी/कर्मचारी 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर ली हो। यदि पेंशन अर्हकारी सेवा की अवधि कम हो तो पेंशन की धनराशि उसी अनुपात में कम हो जायेगी।

उदाहरणार्थः–यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी 31.12.98 को 33 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर सेवा–निवृत्ति होता है और उसका वेतन उस तिथि से रूपयें 3200/– था तथा 1.8.98 के पूर्व वह रूपयें 3125.00 वेतन पा रहा था तो इसकी औसत उपलब्धि निम्न प्रकार होगीः–

मूलवेतन – 1.3.98 से 31.7.98 (3125x5)= 15,625.00

मूलवेतन – 1.8.98 से 31.12.98 (3200x5)= 16,000.00

योग– 31,625.00

औसत वेतन – 31625 / 10 = 3162.50

$$= \frac{3162.50 \times 33}{66}$$

= 1581.25 अर्थात 1581.00

यदि उक्त तिथि को उसने 25 वर्ष की सेवा पूर्ण की हो तो पेंशन निम्नवत होगीः–

$$= \frac{3162.50 \times 25}{66} = 1198.00$$

भाग–4

सारांशिकरण (कम्यूटेशन)

9. (1) प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी जिसे इन विनियमों के विनियम 7 के अन्तर्गत निवृत्ति वेतन मिलता है उसे अपने सेवा–निवृत्ति वेतन (पेंशन) के धनांक का 1/3 भाग तक किसी भाग के सारांशिकरण (कम्यूटेशन) कराने का अधिकार होगा तथा इस संबंध में उत्तर प्रदेश सिविल पेंशन कम्युटेंशन रूल्स इस प्रतिबन्ध के साथ लागू होगें की उक्त कम्युटेंशन रूल्स के नियम 18 के तात्पर्य के लिये मुख्य नगर अधिकारी जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पास परीक्षण हेतु भेजेगें तथा इस हेतु शासन/मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्धारित शुल्क प्रार्थी द्वारा उनके कार्यालय में जमा की जायेगी।

पेंशन के राशिकरण हेतु शासन द्वारा एक तालिका जारी की गयी है जिसमे दो स्तम्भ (कालम) है प्रथम पेंशनर की आयु दर्शाता है और दूसरे में राशिकरण की वह दर अंकित है जो प्रति एक रूपयें प्रतिवर्ष की समर्पित पेंशन के लिये देय होती है राशिकरण के आगणन हेतु किसी पेंशनर से आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उसके आगामी जन्म दिवस पर आयु के वर्ष आगणित किये जाते है तदोपरान्त उक्त तालिका में इस आयु के सम्मुख अंकित दर को 12 से गुणा किया जाता है एवं इस प्रकार प्राप्त होने वाले गुणनफल को पुनः पेंशनर 1 मार्च 1971 से प्रभावी राशिकरण तालिका, वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी एन0एन0नं0–2 (1)पांच 71 दिनांक 6.3.1971 एंव उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी पृष्ठांकन संख्याः–जी– 2/687/(x–5)1957, दिनांक 21.3.1971 द्वारा निर्धारित

1.0 रूपये वार्षिक पेंशन पर राशिकरण मूल्य

अगली जन्मतिथि पर आयु	राशिकरण मूल्य–कय किये गये वर्षो की संख्या पर	अगली जन्मतिथि पर आयु	राशिकरण मूल्य–कय किये गये वर्षो की संख्या पर
17	19.28	51	12.96
18	19.20	52	12.66
19	19.11	53	12.35
20	19.01	54	12.05
21	18.91	55	11.73
22	18.81	56	11.42
23	18.70	57	11.10
24	18.59	58	10.78
25	18.47	59	10.46
26	18.34	60	10.13
27	18.21	61	9.81
28	18.07	62	9.48
29	17.93	63	9.15
30	17.78	64	8.82
31	17.62	65	8.50
32	17.46	66	8.17
33	17.25	67	7.85
34	17.11	68	7.53
35	16.92	69	7.22
36	16.72	70	6.91
37	16.52	71	6.66

38	16.31	72	6.30
39	16.09	73	6.01
40	15.87	74	5.72
41	15.64	75	5.44
42	15.40	76	5.17
43	15.15	77	4.90
44	14.90	78	4.65
45	14.64	79	4.40
46	14.37	80	4.17
47	14.10	81	3.94
48	13.82	82	3.72
49	13.54	83	3.52
50	13.25	84	3.32
		85	3.13

सेवानिवृत्ति अथवा पी0पी0ओ0 की तिथि से एक वर्ष के भीतर राशिकरण आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर पेंशन 1/3 भाग के राशिकरण के प्रयोजन हेतु स्वास्थ्य परीक्षा से छूट अनुमन्य होती है।

पेंशन के राशिकृत भाग को सेवानिवृत्ति की तिथि से 15 वर्ष अथवा राशिकरण के फलस्वरूप पेंशन की राशि से जब से कमी की गयी हो उसके 15 वर्ष बाद पुर्नस्थापित कर दी जायेगी।

सरांशिकरण की गणनाः–

उदाहरणार्थ – कोई अधिकारी/कर्मचारी 60 वर्ष की सेवा पूरी करने पर 31 दिसम्बर 1998 को सेवानिवृत्ति होता है और पेंशनर द्वारा अपनी पेंशन के एक तिहाई भाग का राशिकरण करने हेतु आवेदन पत्र दिया जाता है जो उसे देय राशिकरण की राशि क्या देय होगी।

दिनांक 31 दिसम्बर 2018 को 61 वर्ष की आयु पूर्ण होगी। राशिकरण की तालिका के अनुसार 61 वर्ष की आयु पर राशिकरण की दर 9.81 है।

अधिकारी/कर्मचारी की पेंशन 845.00 रूपयें निर्धारित होती है।

अतः राशिकरण की राशि 845/3

281.66 = 282x9.81 x 12 = 33197.04

या रू0 33197.00

राशिकरण स्वीकृति हेतु प्रार्थना पत्र पेंशन स्वीकृति के उपरान्त ही दिया जा सकता है।

(2) सराशिरण स्वीकृति उसकी धनराशि कम करके, उसे बिना कारण बताये अस्वीकृत करने तथा उस संदर्भ में अन्य सूचनायें मांगने का अधिकार मुख्य नगर अधिकारी को है।

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या– 3 (बी))

(3) विनियम संख्या 7 के अनुसार स्वीकृत पेंशन की धनराशि के एक तिहाई भाग तक की सरांशित (कम्पूट) कराया जा सकता है।

(4) संराशिकरण की स्वीकृति निम्नाकिंत प्रयोजनों हेतु दी जा सकती है।
(क) निवास भवन के निर्माण या क्रय।
(ख) लिये गये ऋण की अदायगी।
(ग) बच्चों या आश्रितों की शिक्षा।
(घ) विवाह व्यय हेतु।
(ड) व्यापार प्रारम्भ।

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या–4 (बी))

(5) कोई भी सरांशिकरण तब तक स्वीकृत नहीं किया जा सकता जब तक प्रार्थी के स्वास्थ्य तथा संभावित जीवन के सम्बंध में स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी को पूर्ण सन्तोष न हो जाये कि प्रार्थी द्वारा दिये गये सभी विवरण पूर्णतः सत्य है एवं बची हुई पेंशन प्रार्थी व उसके परिवार के भरण–पोषण के लिये पर्याप्त है। यदि किसी समय स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी को यह विश्वास हो जाये कि कोई सूचना प्रार्थी द्वारा असत्य दी गयी है या कोई तथ्य छिपाया गया है तो भुगतान से पूर्व भी सरांशिकरण की स्वीकृति रदद की जा सकती है।

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या–7)

(6) सरांशिकरण की धनराशि समय–समय सरकारी कर्मचारियों के लिये इस हेतु निर्धारित आधार पर निकाली जायेगी तथा चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा निर्धारित आयु जो किसी भी दशा में पंजीकृत आयु से कम न होगी। सरकारी कर्मचारियों के लिये निर्धारित आधार पर तालिका इससे पूर्व में दी गयी है।

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या–8)

(7) सरांशिकरण हेतु प्रार्थना पत्र विभागीय अधिकारी/विभागाध्यक्ष जिसके अधीन पेन्शनर सेवा–निवृत्ति से पूर्व कार्यरत था, के माध्यम से स्वीकृति प्राधिकारी को भेंजा जाना चाहिये।

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या–14 के आधार पर)

(8) विभागीय अधिकारी/विभागाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र में दिये विवरणों की तथा विशेष रूप से यह जांच करनी चाहिये कि सरांशिकरण प्रार्थी के स्पष्ट और स्थायी हित मे है। यदि वह स्थिति से सन्तुष्ट हो तो उसे प्रार्थी से चिकित्सा प्रमाण पत्र प्राप्त कराकर अपनी स्पष्ट अनुंशसा के साथ–साथ प्रार्थना पत्र तथा चिकित्सा प्रमाण पत्र लेखा अधिकारी को भेजना चाहिये।

(9) चिकित्सा प्रामण पत्र देने के लिये निर्धारित प्राधिकारी–जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को किया गया है प्रार्थी शासन द्वारा निर्धारित शुल्क मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में जमा करके आगे दिये गये प्रपत्र पर चिकित्सा प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेगा। प्रत्येक सरांशिकरण प्रार्थना पत्र के लिये अलग चिकित्सा प्रमाण पत्र आवश्यक है। यदि प्रार्थी शुल्क जमा करने के बाद चिकित्सा परीक्षा न कराये तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा शुल्क लौटाने की स्वीकृति देने पर शुल्क लौटाया जा सकेगा।

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या–22 के आधार पर)

(10) लेखा अधिकारी आवश्यक जांच के बाद सरांशिकरण की धनराशि तथा संरांशिकरण के बाद देय पेंशन की धनराशि निर्धारित करके मुख्य नगर लेखा परीक्षक को आवश्यक जांच हेतु भेजेंगे और उनके प्रमाण पत्र के आधार पर सरांशिकरण के प्रभावी होने का दिनांक भरकर लेखा अधिकारी स्वीकृति प्राधिकारी को स्वीकृति प्राप्त करेगें तथा आवश्यक भुगतान तथा निवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पत्रिका में तदनुसार प्रविष्टियों करने की कार्यवाही करेगें, संराशिकरण की स्वीकृति की सूचना लेखाधिकारी की पेंशनर को इस प्रकार भेजना उचित है कि वह उसे प्राप्त कर समय से भुगतान प्राप्त कर सकें।

(11) सरांशिकरण, स्वीकृति आदेश के दिये दिनांक से ही प्रभावी होगा यह दिनांक स्वीकृति आदेश के पारित होने के प्रायः 15 दिन बाद होना उचित है तथा सारी गणना इसी आधार पर होनी चाहिये और सरांशिकरण का धनांक यथासम्भव उसी दिन भुगतान किया जाना चाहिये।

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या–10 व 11 के आधार पर)

(12) प्रार्थी स्वीकृति से पूर्व तक अपना प्रार्थना पत्र वापस ले सकता है, सरांशिकरण स्वीकृति हो जाने के बाद सरांशिकरण का धन प्राप्त न करने तथा उसे लौटाने तथा पूरी पेंशन प्राप्त करने का अधिकार प्रार्थी को नहीं होगा और न ही वह स्वीकृत किया जा सकता है।

(13) यदि सरांशिकरण की कार्यवाही पूर्ण हो जाने के दिनांक या उसके बाद बिना सरांशिकरण का धन प्राप्त किये पेन्शनर मृत हो जायें तो सारा धन उसके उत्तराधिकारी को भुगतान किया जायेगा।

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या–13)

(14) 1–यदि चिकित्सा परीक्षण की राय में किसी ऐसी विशेष परीक्षा की आवश्यकता हो जिसे वह नहीं कर सकता है तो वह परीक्षा प्रार्थी के व्यय पर करायी जायेगी।सरांशिकरण स्वीकृत न होने पर इस प्रकार के व्यय की पूर्ति नगर निगम द्वारा नहीं की जायेगी।

2–किसी पेंशनर के निम्नलिखित में किसी भी एक रोग से प्रभावित होने पर पेंशन के किसी भाग का सरांशिकरण नहीं किया जा सकता है।

रोगों के नामः–

1–एन्यूरिजम
2–टयूबरक्लोसिस ऑफ लंग्स
3–डायोबिटीज
4–हाई ब्लड प्रेशर 200 सिस्टामिक से ऊपर
5–हाई ब्लड प्रेशर 160 सिस्टामिक से ऊपर एल्बोम्यूबेरिया के साथ
6–अनकम्पन्सटेड कार्डिक डीजीज
7–परनिशन ऐनिमिया कीयिवा
8–ल्यूकोरिया
9–एनाजिला पेवटाशिस
10–एपोलेक्सी
11–एसीटीज
12–बैरीबैरी
13–कैंसर के ऑप्रेरशन के बाद
14–मिट्रल एटोनोसिस
15–इन सैनिटी

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या–18)

(15) चिकित्सा प्राधिकारी को निर्धारित प्रपत्र के प्रथम भाग को पेंशनर से अपने सामने भराना चाहिए तथा उसके बाद उसकी पूरी चिकित्सा परीक्षा करके अपनी सम्मति, यह स्पष्ट करते हुए कि प्रार्थी ने कहा तक सही सूचना दी है देनी चाहिए। चिकित्सा प्राधिकारी को प्रपत्र का भाग प्रार्थी के सामने भरके उसके हस्ताक्षर तथा उसकें बायें हाथ का अंगूठा व उंगलियों के निशान करा लेने चाहिए प्रार्थी की आवश्यकता के कारणों पर भी विचार करके अपनी सम्मति देनी चाहिये।

(सि0पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या–19)

(16) सि0पें0 कम्युटेशन रूल्स के नियम 24 के अनुसार यदि कोई पेन्शनर चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अधिक आयु को स्वीकार न करें अथवा जिसे चिकित्सा परीक्षा में संराशिकरण के योग्य न पाये जाये तो उसे अपने व्यय से चिकित्सा प्राधिकारी के सम्मुख दोबारा उपस्थित होने की अनुमति निम्नांकित शर्तों पर दी जा सकती है।

1–पहली तथा दूसरी चिकित्सा परीक्षा में समय का अन्दर एक वर्ष से अधिक हो।
2–दूसरी चिकित्सा परीक्षा चिकित्सा परिषद द्वारा हो तथा।
3–चिकित्सा प्राधिकारी की पिछली चिकित्सा परीक्षा से एक वर्ष से अधिक लिखित प्रमाण के अतिरिक्त पिछली चिकित्सा परीक्षा की रिपोर्ट की प्रतिलिपि भी भेजी जानी चाहियें।

भाग – 5

विविध

नगर निगम पावतों की वसूली:–

10. (1) मुख्य नगर अधिकारी की स्वीकृति से उपादान अथवा स्वीकृत पारिवारिक पेन्शन के घनांक से संबन्धित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा नगर निगम को देय कोई धन काटा जा सकता है।

बर्खास्तगी का प्रभाव:–

(2) यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी किसी कारण बर्खास्त कर दिया गया हो अथवा निकाल दिया गया हो तो साधारणतयः उसे अथवा परिवार को कोई उपादान अथवा पारिवारिक पेंशन देय न होगी, किन्तु यदि कार्यकारिणी समिति ऐसा निश्चय करे तो विनियम–4 के अन्तर्गत प्राप्त हो सकतने वाले उपादान के घनांक का आधा दया के आधार पर स्वीकृत कर सकती है।

निवृत्ति वेतन निधि तथा अंशदान:–

11– इन विनियमों के अन्तर्गत जिन पर यह विनियम लागू होगें उनके वेतन तथा महंगाई भत्ते के 12प्रतिशत की दर से अथवा समय–समय पर शासन द्वारा संशोधित दरों पर पेंशन अंशदान प्रत्येंक मास उस तिथि से जिससे उनका वेतन देय हो, निकाल कर सेवानिवृत्ति वेतन निधि में जमा करेगें। यह निधि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में जमा की जायेगी। यदि किसी समय उपरोक्त खाते में सेवानिवृत्ति वेतन अथवा उपादान के भुगतान के लिये आवश्यकतानुसार धन न हो तो मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम निधि से आवश्यक अग्रिम देगें और बाद में उसे निवृत्ति वेतन निधि से निकालकर निगम निधि मे जमा करेगें अथवा देय पेन्शन अंशदान में समायोजित करेगें। पेंशन निधि में धन उपलब्ध होने पर उसे विनियोजित भी कराया जा सकता है।

निवृत्ति वेतन और उपादान के स्वीकृत विधि :–

12– 1(क)प्रत्येक अधिकारी के सेवानिवृत्ति होने के बाद और प्रत्येक दशा में उसके एक महीने के भीतर उसके विभागीय प्रविष्टियों सेवा पुस्तिका या सेवा रोल में अधिकृत अधिकारी द्वारा उल्लिखित की जायेगी।

(ख–1) विभागीय अधिकारी द्वारा सारी जांच आवेषण के प्रकार तथा परिणाम अभिलिखित कर दिये जाना चाहिये।

(ख–2)सेवा की अविच्छिन्नता सामान्तर प्रमाण पत्र निर्धारित की जानी चाहिए जहां तक सम्भव हो प्रथम वर्ष और अन्तिम तीन वर्षो की सेवा निश्चित रूप से

प्रमाणित की जानी चाहिए प्रथम वर्ष सेवा, यदि वे मिल सके तो सेवा पुस्तिका, स्केल रजिटस्र, एक्वेन्टेस रोल अथवा असली वेतन बिल में की जानी चाहिए यदि इस प्रकार के लेखा "रिकार्ड" उपलब्ध न हो तो प्रथम वर्ष की सेवा के लिए उस अधिकारी जिस पर पेंशन सम्बन्धित पत्रावली तैयार करने का दायित्व हो, का अभिलेख स्वीकार किया जायेगा। विभागीय अधिकारी को प्रथम वर्ष की सेवा के प्रमाणिकरण उपरोक्त आधार पर ही करना चाहिय, यदि पेंशन का आधार समकालीन सहवर्ती प्रमाण पत्र पर आधारित हो तो उसे स्वीकार कर लिया जाना चाहिए अन्तिम तीन वर्ष की सेवा का प्रमाणिकरण उपरोक्त आधार पर वास्तविक अभिलेखों द्वारा किया जाना चाहिए। इससें पूर्व की सेवा काल को भी जा सहवर्ती प्रमाण उपलब्ध हो उनके आधार पर स्वीकार कर लेना चाहिये।

(ख–3)यदि किसी सेवाकाल को (ख–2) के अन्तर्गत स्वीकार किया जाता हो और उस काल में उपयोग किये गये सवैतनिक अथवा अवैतनिक अवकाशों के प्रमाणित अभिलेख उपलब्ध हो तो उस समय के लिये स्वीकृत सेवाकाल निम्न प्रकार निकाला जावे:–

(1)–उपर्जित अवकाश के लिये यह माना जाना चाहिए कि अधिकारी ने पूरा अवकाश उपयोग किया है अन्य देय अवकाश के संबध में अब तक अन्यथा प्रमाण न हो तो यह माना जाना चाहिए कि उनका उपभोग किया गया है यदि अधिकारी ने अवैतनिक अवकाश प्राप्त लिया हो और उसका पूर्ण विवरण उपलब्धर न हो या शंकाजनक हो तो किसी एक वर्ष में ऐसे अवकाश का अधिकतमकाल ही उतना इस प्रकार का अवकाश विवरण उपलब्ध न होने वाले या शंकाजनक सेवाकाल के पूरे वर्षो में प्रत्येक वर्ष माना जायेगा।

(2)यदि किसी अधिकारी की सेवा पुस्तिका या सेवा रोल अथवा लेखों में उसकें बिना वेतन अनुपस्थित के प्रमाण पाये जाते है और इस प्रकार की अनुपस्थिति के बाद भी अन्य प्रयोजनों के लिए उसकी सेवा लगातार मानी गयी हो तो किसी एक वर्ष में ऐसी अनुपस्थिति का जो अधिकतमकाल हो उतनी अनुपस्थिति उसके सेवाकाल से प्रत्येक वर्ष में मानी जायेगी जिसका पूरा विवरण सेवा पुस्तिका का सेवा रोल में अभिलिखित नहीं है।

(ख–4)यदि सेवा पुस्तिका या सेवारोल उपलब्ध है और उसकी प्रविष्टियों की पुष्टि या प्रमाणिकरण न हुआ हो तो उसमें दिये गये सेवाकाल को व्यक्तिगत पत्रावलियों आदि उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर प्रमाणित किया जाना चाहिए जहां इस प्रकार के अभिलेख उपलब्ध न हो तो उस काल के लिये अधिकासी से सादे कागज पर दो सहवती अधिकारियों द्वारा प्रमाणित अभिलेख प्राप्त करके रखना चाहिए यदि इस प्रकार का प्रमाण स्वीकार करने में कोई कठिनाई प्रतीत

हो रही है तो विभागीय अधिकारी द्वारा अपना अभिमत उल्लिखित कर देना चाहिये तथा उसी के अनुसार सेवाकाल स्वीकार किया जाना चाहिए।

(ख–5)पेन्शन संबंधी विवरण का आडिट निम्नाकित विधि से किया जायेगा जब तक कोई विशेष आशंका न हो साधारण तथा सारी सेवा के संबंध में प्रविष्टियों की पुष्टि के लिये निम्नलिखित की विशेष जांच की जानी चाहिए।

(क) स्थायी नियुक्ति की प्रथम वर्ष की सेवा तथा पूर्व की अर्हकारी सेवा।

(ख) अन्तिम 3 वर्षो की अर्हकारी सेवा।

(ग) अकस्मात चुने गये किसी दो या तीन वर्षो की सेवा।

(घ) यदि सेवा पुस्तिका में जन्म तिथि परिर्वतन, बर्खास्तगी आदि की प्रविष्टियां हो तो उनकी विशेष जांच की जानी चाहिए।

(ड) यदि किसी अधिकारी का सेवाकाल 33वर्ष से अधिक का हो तो उसकी स्थायी नियुक्ति के प्रथम वर्ष के पूर्व की प्रविष्टियों की जांच आवश्यक नहीं उसकी सेवा पुस्तिका तथा संबन्धित अन्य विवरणों को प्रपत्र (घ) के साथ पूरा करके लेखाधिकारी को भेजगें। लेखाधिकारी सेवानिवृत्ति वेतन के धनांक तथा अन्य विवरणों की जांच करके मुख्य नगर लेखा परीक्षक को जांच के लिय सम्बन्धित कार्यालय भेजेगें। उनकी जांच के बाद उपादान या सेवा–निवृत्ति वेतन तथा उपादान का धनांक मुख्य नगर अधिकारी अथवा मुख्या लेखा परीक्षक द्वारा अपने अधिनस्थ अधिकारियों के विषय में स्वीकृत किया जायेगा तथा लेखाधिकारी द्वारा सेवा निवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पत्रिका प्रपत्र ''छ'' अधिकारी को भेजी जायेगी।

प्रतिबन्ध यह है कि मुख्यनगर अधिकारी अथवा मुख्य नगर लेखा परीक्षण (अपने अधीन्स्थ कर्मचारियों के संबंध में) को यह सन्तोष हो जाये कि किसी अधिकारी के उपादान तथा सेवा निवृत्ति वेतन पेंशन की स्वीकृति में अत्याधिक विलम्ब होगा तो वह सम्बन्धित अधिकारी द्वारा प्रपत्र ''झ'' में घोषणा पत्र देने पर अप्रत्याशित मुत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान और सेवानिवृत्ति वेतन ''पेंशन'' का भुगतान स्वीकृत कर सकते है इस प्रकार के भुगतान के धन लेखा अधिकारी द्वारा अत्यधिक सावधानी पूर्वक ऐसे संक्षिप्त परीक्षण, जिसे वह अविलम्ब कर सके, निर्धारित किये गय मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान और मासिक सेवा निवृत्ति वेतन की धनराशि का 75 प्रतिशत से अधिक न होगा।

(2) सेवा निवृत्ति वेतन और उपादान की भुगतान की विधि:–

सेवानिवृत्ति वेतन लेखा अधिकारी द्वारा भुगतान किया जायेगा। भुगतान चैक द्वारा किया जायेगा। भुगतान के लिये सेवा नियुक्ति वेतन पाने वाले व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति वेतन पुस्तिका तथा प्रपंत्र "ज" में आवश्यक विवरण भरकर लेखाधिकारी को देना होगा। प्रपत्र "ज" व निवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पाने पर लेखाधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी उपस्थिति व जीवित होने के प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करेगा तदुपरान्त पेन्शनर को चैक दी जायेगी इन विनियमों के अन्तर्गत भुगतान होने वाले उपादान के भुगतान में भी निवृत्ति पेशन के भुगतान की रीति काम में लायी जायेगी।

(3) यदि कोई अधिकारी अपने सेवा निवृत्ति वेतन का भुगतान डाकघर के मनीआर्डर द्वारा चाहता है तो वह प्रपत्र "ज" भरकर उस पर पिछले मास की सेवानिवृत्ति वेतन के भुगतान की रीति और दिनांक लिखकर अपने जीवित होने का किसी राजपत्रित (गजेटेड) अधिकारी से मोहर के साथ प्रमाणित कराकर लेखा अधिकारी को भेजेगें और लेखाधिकारी सेवानिवृत्ति के वेतन के धनांक से मनीआर्डर कमीशन काटकर शेष धन मनीआर्डर से भेजेगें और किये गये भुगतान की सेवानिवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पत्रिका की कार्यालय में प्रविष्टि करेगें किसी भी दशा में 12 मास से अधिक लगातार भुगतान इस प्रकार नहीं किया जायेगा । एक वर्ष बाद भुगतान करने के पूर्व अधिकारी/कर्मचरी की सेवानिवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पंजीका प्रतिलिपि में लेखा अधिकारी प्रविष्टियां पूरी करेगें।

निवृत्ति निधि की स्थापना और भुगतान की प्रक्रिया :–

13– **पेन्शन निधि की स्थापना और भुगतान की प्रकिया** :– मुख्य नगर अधिकारी के नियंत्रण में एक सामान्य पेंन्शन निधि स्थापित की जायेगी। जो कोटद्वार नगर निगम पेन्शन निधि के नाम से जानी जायेगी जिसे आगे "निधि" कहा गया है नियम 11 के द्वारा नगर निगम द्वारा देय पेन्शन संबंधी अंशदान की धनराशि इस निधि में जमा की जायेगी।

14– **रोकड़ बही खाता** :– निधि में जमा किया जाने वाला समस्त धन और उससे किये जाने वाले समस्त भुगतान की प्रविष्टि रोकड़ बही में की जायेगी। मुख्य नगर अधिकारी द्वारा रोकड बही इस विनियमवली से संलग्न पत्र "अ" में रखी जायेगी।

15– **पेन्शन अंशदान के सम्बन्ध में प्रकिया** :– पेन्शन सम्बन्धी अंशदान की धनराशि प्रतिमाह के छठे दिनांक के पूर्व मुख्य नगर अधिकारी द्वारा बैंक में जमा ही जायेगी।इस विनियमावली से संलग्न प्रपंत्र "ट" में चालान तैयार किया जायेगा। चालान के साथ एक सूंची होगी जिसमें सेवा के

सदस्य का नाम, पदनाम, वेतन और अंशदान की धनराशि का पूर्व में विवरण दिया जायेगा। यह चालान चार प्रतियों में तैयार किया जायेंगें चालान की प्रथम और द्वितीय प्रतियां बैंक द्वारा जमाकर्ता को वापस दी जायेगी और चालानों की तृतीय और चतुर्थ प्रतियां सूची के साथ क्रमशः जमाकर्ता और बैंक द्वारा प्रतिमास के दसवें दिनांक तक़ मुख्य नगर अधिकारी को भेजी जायेगी। लेखा अधिकारी चालान की इन प्रतियों का मिलान करेगा और रोकड़ बही में अंशदान की धनराशि की प्रविष्टि करेगा। चालान की प्रतियां लेखा–परीक्षा के प्रयोजनार्थ गार्ड फाईल में सुरक्षित रखी जायेगी।

16– **लेखा बहीं खाता रखा जाना** :– सम्बद्ध सेवा के सदस्य का खाता भी इस विनियमावली से संलग्न प्रपत्र "ठ" में रखा जायेगा। खाता बही में प्रतिमास अधिकारी को भुगतान किये गये वेतन की धनराशि और जमा किये गये अंशदान की धनराशि प्रविष्ट की जायेगी खाताबही में प्रविष्टियां चालानों की प्रतियों से की जायेगी और प्रत्येक मास के अन्त में खाता बही में प्रविष्टि किये गये अंशदान की धनराशि का मिलान रोकड बही में प्रविष्टि की गयी तत्समान धनराशि से किया जाएगा। खाता बही का पुर्नविलोकन यह निश्चित करने के लिए किया जायेगा कि समस्त सेवा के सदस्यों से संबन्धित पेंन्शन संबंधी अंशदान जमा कर दिया गया है या नहीं। यदि किसी मामले में उसे जमा नहीं किया गया है तो उसे तुरन्त जमा कराया जायेगा।

17– **पेन्शन भुगतान आदेश** :– इस विनियमावली के अधीन पेन्शन/पारिवारिक पेंन्शन/उपादान की धनराशि स्वीकृत कर दिये जाने के बाद प्रत्येक मामले में स्वीकृति की गयी पेन्शन/पारिवारिक पेन्शन/उपादान के भुगतान के लिये मुख्य नगर अधिकारी द्वारा इस विनियमावली के संलग्न प्रपंत्र "ड" में "पेंन्शन भुगतान आदेश" जारी किया जायेगा। इस आदेश की प्रतियां पेन्शन भोगी और उस विभाग को जहा से सम्बद्ध सेवा के सदस्य सेवानिवृत्ति हुआ है को पृष्ठांकित की जायेगी।

18– **लेखा–परीक्षा जांच रजिस्टर** :– पेन्शन भोगियों को पेन्शन समय पर और ठीक–ठीक भुगतान सुनिश्चित करने के उददेश्य से प्रपत्र "थ" में एक लेखा परीक्षा जांच रजिस्टर रखा जायेगा इस रजिस्टर में प्रत्येक पेन्शन भोगी का एक पृथक खाता खोला जायेगा।

सामान्य भविष्य निधि

19– जिन अधिकारियों को यह विनियम प्रभावी होगें उन्हें नगर निगम के सामान्य भविष्य निधि खाते का सदस्य होना पड़ेगा और उसमें अपने 10 पैसे प्रति रूपयें से कम न होते हुये भी 25 पैसा प्रति रूपया प्रतिमाह का अपना अंशदान जमा करना पडेगा। अंशदान की दर उन्हें अपनी नियुक्ति के शीध्र बाद घोषित कर देना पडेगा। जब तक कि इस में किसी परिवर्तन का नोटिस मुख्य नगर अधिकारी अथवा मुख्य नगर लेखा परीक्षण को किसी वर्ष मार्च के प्रथम सप्ताह में न दें, अगले वर्ष के लिय वही दर बनी रहेगी तथा वर्ष के बीच अंशदान की पूर्व में कोई परिवर्तन स्वीकृत न किया जायेगा।

20– भविष्य निधि के अंशदान में काटा गया धन प्रतिमास की 10 तारीख से पहले बैंक में जमा कर दिया जायेगा। जिससे उसमें व्याज मिल सकें।

21– मुख्य नगर अधिकारी को यह अधिकार होगा कि अधिकारी/कर्मचारी को लिखित सहमति से सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा धन में से बैंक एफ0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत पत्रों में विनियाजित कर दें।

22– प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को भविष्य निधि का सदस्य होने पर उसकी मृत्यु के उपरान्त उसके खाते में जमा भविष्य निधि का धन भुगतान के लिये नामांकन पत्र विनियम 6 के अनुसार देना होगा। यह नामांकन पत्र मुख्य नगर अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किये जायेगें और प्राप्ति की दिनांक लिखकर तथा आवश्यक रजिस्टर में दर्ज करके अपने अभिरक्षा (कस्टडी) में रखे जायेगें।

23– सामान्य भविष्य निधि में जमा हुये धन में से यदि कोई अधिकारी चाहे तो मुख्य नगर अधिकारी उसे अस्थायी अग्रिम/ऋण स्वीकृत कर सकते है। इन अग्रिमों की स्वीकृति तथा उनकी वसूली की निम्नलिखित विधि अपनाई जायेगी।

(1) साधारणतः अग्रिम की धनराशि सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के तीन मास के वेतन से अधिक न होगी। विषय परिस्थितियों में मुख्य नगर अधिकारी अपने स्वविवेक से अधिक धन भी दें सकते है लेकिन वह धनराशि भविष्य निधि में जमा धनराशि के अधिक से अधिक नहीं होगी।

(2) यह ऋण अधिकारियों को प्रायः ऐसे व्यय को वहन करने के लिये दिये जायेगें जिनका वहन करना उनके सामाजिक तथा धार्मिक बन्धनों

के अन्तर्गत अनिवार्य हों। इन व्ययों में अपने परिवार की शिक्षा, उनकी बीमारी, विवाह अथवा मृत्यु संबंधी व्यय सम्मिलित होगें।

(3) यह अग्रिम अधिकारी/कर्मचारी से 20 किश्तों में वसूल किये जायेगें इन ऋणों पर ब्याज के रूप में एक अतिरिक्त किश्त देय होगी।

(4) अग्रिम की व्याज सहित वापसी पूरी होने के 12 महीने बाद ही दूसरा अग्रिम साधारणतः दिया जायेगा परन्तु विशेष परिस्थितियों में दूसरा अग्रिम 12 माह के पूर्व भी दिया जा सकता है।

24— यदि कोंई अधिकारी चाहे तो अपने साधारण भविष्य निधि में जमा धन से पॉलिसी का "प्रीमियम" अदा करने के लिये पॉलिसी को मुख्य नगर अधिकारी के नाम प्रतिग्रहण "प्लेज" कर सकता है और प्लेज की हुई पॉलिसी मुख्य नगर अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के संरक्षण (कस्टडी) में रहेगी। पॉलिसी की "प्रीमियम" के लिये अग्रिम को बीमा कारपोरेशन को भुगतान किये जाने के सबूत में कारपोरेशन की रसीद मुख्य नगर अधिकारी के पास जमा करनी होगी। इस प्रकार की पॉलिसी को चालू रखने की जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारी की होगी। पॉलिसी परिपक्व (मैच्योर) होने पर उसका रूपया वसूल करकें अधिकारी के भविष्य निधि खाते में जमा कर दिया जायेगा। यदि संबन्धित अधिकारी पॉलिसी परिपक्व होने के पूर्व सेवा निवृत्ति हो जाये तो मुख्य नगर अधिकारी के हिम में पॉलिसी प्रतिग्रहण करके उसे लौटा देगें।

25— किसी अधिकारी/कर्मचारी के खाते मैं सामान्य भविष्य निधि मे जमा धन उसकी नगर निगम की सेवा में निवृत्ति होने पर उसे लोटा दिया जायेगा।

प्रतिबन्ध यह है कि यदि अधिकारी चाहे तो सामान्य भविष्य निधि में अपने खाते में जमा धन को निम्नलिखित कार्य के लिये प्रत्येक के लिय साथ उल्लिखित प्रतिबन्धों के अनुसार मुख्य नगर अधिकारी की स्वीकृति से सेवा निवृत्ति होने के पूर्व भी निकाल सकता है।

(1) अपने निवास के लिय मकान बनाने, क्रय करने या इस संबंध में किये गये ऋण को अदा करने अथवा लड़की, लड़के के विवाह करने के लिये अपने और उस पर मिले ब्याज के धन को 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण करने या सेवा अवधि पूर्ण होने से 10 वर्ष पूर्व।

(2) अपने आश्रित बच्चों को निम्नलिखित शिक्षा के लिय तीन महीने के वेतन या भविष्य निधि में जमा धन के आधे तक, जो भी कम हों।

(क) विदेश में विद्या (एकेडमिक) औद्योगिक (टैक्नीकल) कला संबंधी (प्रोफेशनल) पाठयक्रमों "क्रोर्ससेज" के लिये और

(ख) भारत में ऐसे चिकित्सा "मेडिकल" अभियान्त्रिक इन्जीनियर तथा अन्य औद्यौगिक "टैक्नीकल" अथवा "विशिष्ट "स्पेश्लाईज्ड" पाठयक्रमों "कोर्सेज" के लिये जिनकी पढाई का समय तीन वर्ष से अधिक हो और वह शिक्षा इण्टरमीडियट के बाद की हो, दोनों की दशाओं में धन निकालने के लिये 6 माह के भीतर उसे मुख्य नगर अधिकारी को सन्तोष दिलाना होगा कि धन उस कार्य में, जिसके लिये वह निकाला गया था प्रयोग कर लिया गया।

ऐसा न करने पर अग्रिम लिया गया धन मुख्य नगर अधिकारी को सामान्य भविष्य निधि में उसके खाते में जमा करने के लिए लोटा देना होगा। जब तक कि मुख्य नगर अधिकारी उस धन के प्रयोग का समय बढ़ा न दें यदि अधिकारी/कर्मचारी मुख्य नगर अधिकारी को या तो व्यय के विषय में सन्तोष दिला सके अथवा बचा हुआ धन लौटाये तो मुख्य नगर अधिकारी वह धन उसके वेतन से उचित किश्तों में वसूल करने के लिय सक्षम होगें।

25— समय–समय पर उत्तराखण्ड शासन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन भविष्यनिधि आदि के संबंध में जो भी संशोधन किये जायेगें वो स्वतः ही इस नियमावली के अन्तर्गत लागू समझें जायेगें।

ह0 (अस्पष्ट)
सहायक नगर आयुक्त,
नगर निगम, कोटद्वार।

अनिल चन्याल,
नगर आयुक्त/मुख्य नगरधिकारी,
नगर निगम, कोटद्वार।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 23 हिन्दी गजट/256 भाग 8–2019 (कम्प्यूटर/रीजियो)।
मुद्रक एवम् प्रकाशक अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।